## विशेष रिपोर्ट

# बेस मेटल

## अक्टूबर 2022




एल्युमीनियम • तांबा • लेड • जिंक

smc

Moneywise. Be wise.

सितम्बर 2022 में, निकल को छोड़कर, संभावित मंदी की चिंताओं के कारण औद्योगिक धातुओं में नरमी के रूझान के साथ कारोबार हुआ। एलएमई और एमसीएक्स में तांबें की कीमतों में लगातार छठे महीने गिरावट जारी रही क्योंकि मुद्रास्फीति से मुकाबले के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी से विश्व स्तर पर मंदी की आशंका तेज हो गई है जिससे मांग में कमी की आशंका है जबकि मिले-जुले फंडामेंटल के कारण लेड की कीमतें साइडवेज रहीं। तेजी से बढ़ती ब्याज दरें, रिकॉर्ड मुद्रास्फीति और लंबे समय तक ऊर्जा संकट इस विश्वास को जन्म दे रहा है कि विश्व अर्थव्यवस्था मंदी की ओर अग्रसर है जो धातु की मांग को भी कम कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, अत्यधिक मुद्रास्फीति के कारण यूरोप मंदी की आशंका का सामना कर रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार यूरो जोन की व्यावसायिक गतिविधि में गिरावट पिछले महीने गहरा गई, और यह संभावना कम होती जा रही है कि यूरोपीय संघ मंदी से बच जाएगा जबकि उच्च मुद्रास्फीति यूरोपीय सेंट्रल बैंक पर कार्रवाई करने के लिए दबाव डाल रही है।


**आउटलुक**

मिले-जुले फंडामेंटल के कारण बेस मेटल की कीमतें अलग-अलग दिशाओं में कारोबार कर सकती हैं। , वैश्विक स्तर पर धातुओं की मांग को लेकर समग्र आउटलुक काफी कमजोर है, क्योंकि दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ती मुद्रास्फीति को रोकने के लिए अपनी मौद्रिक नीति को सख्त किया है और वैश्विक आर्थिक विकास की चिंताओं ने धातुओं की मांग को अधिक धूमिल कर दिया और यूरोप में उत्पादन में कटौती के कारण आपूर्ति की चिंताओं को पीछे छोड़ दिया। यूरोप में चल रही आर्थिक तबाही विशेष रूप से उच्च ऊर्जा कीमतों के कारण है। रूस द्वारा इस क्षेत्र में तेल और गैस की आपूर्ति में कटौती के बाद यूरोप में ईंधन की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर चल रही हैं। कई एशियाई देशों में भी आर्थिक गतिविधियां नाजुक हैं। चीन की शून्य कोविड नीति और लागत दबाव ने व्यवसायों और सेवाओं को नुकसान पहुंचाना जारी रखा है, जिससे सितम्बर महीने में सेवा क्षेत्र की गतिविधि में कमी आई। लेकिन शिपिंग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि चीन की कमोडिटी शिपमेंट की मांग में चौथी तिमाही में सुधार होने की उम्मीद है क्योंकि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इस्पात उत्पादन में तेजी आई है।

**फंडामेंटल**


- संयुक्त राज्य अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरों से डॉलर के मजबूत होने की संभावना है और इससे वैश्विक आर्थिक विकास और धातु की मांग को नुकसान हो सकता है, जबकि दरों के प्रति संवेदनशील यूरो और जापानी येन में गिरावट जारी है।
- विश्व में तांबे के शीर्ष उत्पादक चिली ने देश के उत्तरी भाग में एक विशाल खदान से संबंधित तांबे के खनन को स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की।
- शीर्ष उपभोक्ता चीन में तांबें पर हाजिर प्रीमियम अगले कुछ महीनों में अधिक रह सकता है, क्योंकि सरकारी प्रोत्साहन के कारण धातु की मांग में सुधार हुआ है।
- चिली की सांख्यिकी एजेंसी आईएनई ने कहा कि देश में तांबे का उत्पादन, जो दुनिया में धातु का सबसे बड़ा उत्पादक है, सालाना आधार पर 9.4% गिरकर 422,888 टन रह गया है।
- तांबें की खनन कंपनी एंटोफगास्टा ने अपने 2023 के उत्पादन आउटलुक में कटौती की और कहा कि चिली में लॉस पेलाम्ब्रेस डिसेलिनेशन प्लांट में एक निर्माण प्लेटफॉर्म के ढहने के बाद वार्षिक उत्पादन अपने पिछले पूर्वानुमान से काफी कम रह सकता है।
- आंकड़ों से पता चलता है कि शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज (एसएचएफई) द्वारा निगरानी किए जाने वाले गोदामों में तांबे का भंडार 21 जनवरी के बाद सबसे कम 30,459 टन तक कम हो गया है और 1 जुलाई को 66,661 टन से 54.3 प्रतिशत कम हो गई।
- कुछ जापानी एल्युमीनियम खरीदारों ने कम से कम दो वैश्विक उत्पादकों के साथ अक्टूबर-दिसंबर शिपमेंट के लिए बेंचमार्क मूल्य पर 99 डॉलर प्रति टन के प्रीमियम का भुगतान करने के लिए सहमति व्यक्त की है, जो पिछली तिमाही से 33% कम है।
- अंतरराष्ट्रीय लेड और जिंक स्टडी ग्रुप के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर जिंक बाजार जुलाई में एक महीने पहले 34,600 टन के सरप्लस से 72,800 टन की कमी दर्ज की गई है। 2022 के पहले सात महीनों के दौरान, 2021 की समान अवधि में 83,000 टन का सरप्लस की तुलना में 23,000 टन की कमी दर्ज की गई है।
- नीरस्टार ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया में अपने पोर्ट पिरी लीड स्मेल्टर को 55 दिनों के लिए बंद कर देगा और एक सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि ग्लेनकोर इटली में अपने पोर्टोव्समे प्लांट में लेड संचालन की स्थिरता की समीक्षा कर रहा है।

**अगस्त 2022 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव (%)**




**स्रोत :** एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स


**जनवरी-अगस्त 2022 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव (%)**




**स्रोत :** एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

एल्युमीनियम

## एल्यूमीनियम





## एमसीएक्स में एल्युमीनियम का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर एल्युमीनियम वायदा पिछले हफ्ते बढ़कर 191.10 पर बंद हुआ। अप्रैल 2022 से, कीमतों में लगातार गिरावट हुई है और कीमतें 325.50 के रेजिस्टेंस स्तर से 186.75 तक लुढ़क गई है । अब कीमतें 18 दिनों के मूविंग एवरेज 198.14 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब छझेटी अवधि में अगला तत्काल रेजिस्टेंस 212.00 पर है, और इसे स्तर से ऊपर बने रहने की स्थिति में 220/230 की ओर अच्छी बढ़त देखी जा सकती है। यदि यह 186.50 के तत्काल सपोर्ट स्तर से नीचे टूटती है तो यह क्रमश: 175/160 तक नीचे की ओर बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर एल्युमीनियम की कीमतों के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है। इसलिए हम मौजूदा माह में कीमतों में बढ़ोतरी पर बिकवाली करने की सलाह देते हैं।

तांबा

## तांबा





## एमसीएक्स में तांबा का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर तांबा वायदा पिछले सप्ताह बढ़कर 644.95 पर बंद हुआ है। अब कीमतें 686 के साप्ताहिक ट्रेंड लाइन सपोर्ट के नीचे अच्छी तरह से बनी हुई हैं । अब तत्काल रेजिस्टेंस 686 पर है। यदि कीमतें 686 की तत्काल रेजिस्टेंस से ऊपर जाती है तो यह 710/735 की ओर बढ़ सकती है । यदि कीमतें 686 के रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बरकरार रहने में असफल रहती है, तो निकट भविष्य में नीचे की ओर 620/600 के स्तर की ओर जा सकती है। कुल मिलाकर कमोडिटी के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है।

लेड

## लेड





## एमसीएक्स में लेड का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर लेड वायदा पिछले हफ्ते 177.95 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 18 दिनों के ईएमए स्तर 183.25 के नजदीक कारोबार कर रही हैं। मोमेंटम ऑसिलेटर स्टोकैस्टिक (14,3,3) अब सकारात्मक विचलन देख रहा है और छोटी से मध्यम अवधि के लिए तेजी का रुझान भी प्रदान कर रहा है। 50 दिनों का ईएमए स्तर 177.85 से नीचे बना हुआ है जो छोटी अवधि के आधार पर बिकवाली का संकेत देता है। अब 186 पर महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस देखा जा रहा है, इस स्तर से ऊपर कारोबार करने पर इस महीने में 192/198 की ओर तेजी देखी जा सकती है और यदि कीमतें 178 के सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती हैं तो 172 एवं 165 की ओर क्रमशः नीचे तक जा सकती है।

जिंक

## जिंक




## एमसीएक्स में जिंक का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर जिंक वायदा पिछले सप्ताह कम होकर 271.25 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 200 दिनों के ईएमए स्तर 296.07 से नीचे और साप्ताहिक स्तर पर कम होती सपोर्ट ट्रेंड लाइन स्तर 290 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब तत्काल सपोर्ट 273.00 के नजदीक है । यदि कीमतें 273.00 के स्तर से नीचे टूटती है, तो नीचे की ओर 260/247 की ओर लुढ़क सकती है और यदि कीमतें तत्काल रेजिस्टेंस 290 के स्तर से ऊपर रहती है और स्थिर बनी रहती है, तो क्रमशः 305/315 की ओर बढ़ जाएगी।

**For any queries, Contact:**
Commodity Research Desk
Tel: +91-11-30111000, Ext: 683,684,625,630

SMC Research also available on Reuters

E-mail: smc.care@smcindiaonline.com

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।